**श्री सरजू पाण्डेय** : हम तैयार हैं। लेकिन आपको डर लगता है कि कहीं कम्युनिस्ट न हो जायें। अगर हो भी जाओगे तो क्या बुराई है। अब हो जाओ तो अच्छा है वर्ना मजबूर हो कर आपको इस रास्ते पर आना पड़ेगा। बसों के परमिट देने में कोओप्रेटिव्ज को तरजीह दी जानी चाहिये। ऐसी व्यवस्था तो रहती है लेकिन अब कोओप्रेटिव सोसाइटीज को कोई परमिट नहीं मिलता है। वीकर सैक्शंज को परमिट देने के बजाय जो बड़े बड़े लोग हैं, उनको ही परमिट दे दिये जाते है। आपको कोशिश करनी चाहिये कि कोओप्रेटिव सोसाइटीज को, वीकर सैक्शंज आफ दी पब्लिक को अधिक से अधिक परमिट दिये जायें ताकि वे लोग अधिक से अधिक संख्या में इस उद्योग में लग सकें।

राष्ट्रीयकरण की ओर भी आपको कदम बढ़ाना चाहिये। जितना भी और जहां तक भी हो सके इस उद्योग का आपको राष्ट्रीयकरण करना चाहिये।

बहुत से भाइयों ने कहा है कि बस स्टैंडों पर टिकटें नहीं मिलती हैं, बसें खाली जाती हैं, कंडक्टर, ड्राइवर उनको बिठाते नहीं हैं। ये जो खराबियां हैं ये तो राष्ट्रीयकरण से ही दूर नहीं हो सकती हैं। अगर हमने राष्ट्रीयकरण किया तो देश को पैसा मिल सकता है और उस पैसे से हम बस सर्विस को और सड़कों को भी इम्प्रूव कर सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा इधर आपको कदम बढ़ाने चाहियें।

अब मैं नम्बर प्लेट्स के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस पर सिलैक्ट कमेटी में भी बहुत बहस हुई थी। यह चीज वहां उठाई गई थी। कुछ सदस्यों ने कहा था कि सिर्फ अंग्रेजी में ये नम्बर प्लेटस होनी चाहियें, किसी ने कहा एक भाषा में नहीं जितनी हिन्दुस्तान की भाषायें हैं, चौदह, उन सब में लगाया जाना चाहिये। यह जो चीज है यह चलने वाली नहीं है। रोमन के जो न्यूमरल्ज हैं, वे अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हैं। अगर यही रहें तो अच्छा है। मैं चाहता हूं कि एक ही सिस्टम आप सारे हिन्दुस्तान के लिए रखिये ताकि पुलिस कांस्टेबल आसानी से पढ़ सके इन नम्बर प्लेटस को। अगर आपने पूरी तालिका खड़ी कर दी तो उस बेचारे की समझ में कुछ नहीं आएगा कि क्या लिखा हुआ है। ज्यादा से ज्यादा आप यह कह सकते हैं कि ये प्लेट्स हिन्दी और अंग्रेजी में हों। वैसे एक ही भाषा में, अंग्रेजी में हों तो ज्यादा बेहतर है।

यह कहा गया है कि बसों में ओवर क्राउडिंग होता है। ओवर क्राउडिंग अगर होता है तो चालान भी किया जाता है और परमिट भी

[श्री सरजू पान्डे]

कैंसल कर दिया जाता है । अब जहां तक परमिट कैंसल करने की बात का ताल्लुक है, उस में मालिक का कोई कसूर नहीं होता है । ओवर क्राउडिंग ड्राइवर और कंडक्टर करते हैं लेकिन अगर परमिट कैंसल होता है तो इसकी सजा मालिक को भुगतनी पड़ती है । ओवर क्राउडिंग इसलिए होता है कि लोगों को बसों में जगह नहीं मिलती है । अगर बस वाले बिठायेंगे नहीं तो पब्लिक उनको मार कर उनकी कमर तोड़ देगी, बस में आग लगा देगी । इसका इलाज यह है कि आप परमिट ज्यादा से ज्यादा दें, जितने लोग परमिट चाहें, उनको आप परमिट दे दें । बजाय इसके कि आप परमिट देने पर रेस्ट्रिक्शन लगायें, आपको लिबरली परमिट देने चाहियें । आप रोक क्यों लगाते हैं ? मैं समझता हूं कि यात्रियों की तदद जो बढ़ रही है इस का कारण यही नहीं है कि आबादी बढ़ रही है । लेकिन मूवमेंट बढ़ रहा है, लोग इधर से उधर जा रहे हैं । इस वास्ते ज्यादा से ज्यादा परमिट दिये जायेंगे तो अच्छा होगा । और माननीय सदस्यों ने भी कहा है और मैं भी उसी राय का हूं कि जिस को एक बस के लिए परमिट दिया गया हो उसको दूसरी बस का परमिट न दिया जाए । इसका आपको पूरा ध्यान रखना चाहिये । साथ ही साथ इस उद्योग का विस्तार भी अधिक से अधिक हो ।

मैं यह भी चाहता हूं कि मालिक को सजा देने की जो बात कही गई है, उसको आप निकालिये ।

आप तीन बस के परमिट देते हैं । अगर कोई आदमी उसको रिन्यू कराने जाता है तो उसको उसी तारीख से रिन्यू हुआ समझा जाता है जिस तारीख से उसको जारी किया जाता है । मान लो दफ्तर में किसी की एक साल से दरख्वास्त पड़ी रही तो इस में उसका क्या कसूर । आपको मालूम ही है कि आपके अधिकारी कैसे हैं । उनके यहां दरख्वास्तें पड़ी रहती हैं । उनका कोई नोटिस नहीं लिया जाता है । दरख्वास्तें अगर इस तरह से रुकी रहेंगी और बाकी पीरियड के लिये अगर उनको रिन्यू कर दिया जाएगा तो इससे नुकसान होगा । इससे घूस खोरी बढ़ेगी ।

ड्राइवरों से सर्टिफिकेट मांगे जाते हैं फ़िटनैस के । आप जानते ही हैं कि जिस तरह से सर्टिफिकेट प्राप्त किये जाते हैं डाक्टरों से । अंधा भी अगर लेना चाहे सर्टिफिकेट तो उसको भी मिल जाएगा कि उसकी आंखें है । ऐसे ईमानदार डाक्टर लोग तथा दूसरे लोग हमारे देश में हैं । इस बार डाक्टरी कराना गरीब आदमी के लिये मुश्किल होगी । एक बार करा दें, बार बार न करायें । यह मुनासिब नहीं है ।

अन्त में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि एक अच्छा बिल आप सदन में लायें और ठीक ढग से आप समाजवाद की ओर बढ़ें, यही मेरी आप से अपील है ।

**श्री नाथूराम अहिरवार** (टीकमगढ़) : जो बिल मन्त्री जी ने पेश किया है उसका मैं समर्थन करते हुए कुछ सुझाव देना चाहता हूं ।

जिस बिल में एमेंडमेंट्स मन्त्री महोदय ने पेश की है वह बिल 1939 का बना हुआ है । इस बिल को बने तीस साल हो गए हैं । बजाय इसके कि इस बिल में संशोधन करने वाला विधेयक वह लाते उनको चाहिये था कि बिल्कुल नया बिल वह लाते । 1939 की जो पीढ़ी थी वह पुरानी पीढ़ी हो चुकी है । तब से कई नई बातें हो चुकी है । जिस की पैमाइश 1939 में हुई थी उसके छः बच्चे हो गए होंगे । आज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनको एक नया विधेयक लाना चाहिये ।

हम देखें कि हर जगह मोटरों की भरमार है । बसों में बहुत ओवर-क्राउडिंग होता है । इसका कारण यह नहीं है कि आदमी ज्यादा चलने वाले हैं । बल्कि इसका कारण यह है कि हर स्टेट में मोटर परमिट्स पर बहुत सी रेस्ट्रिक्शंज, प्रतिबन्ध लगाए गये हैं । परमिट हासिल

करने की लोगों में होड़ लग जाती है । पचास मील लम्बे रूट के लिए अगर परमिट लेना होता है तो पैसे वाले ही ले सकते हैं क्यों कि दो दो सौ और पांच पांच सौ रुपया फी मील के हिसाब से बिड लग जाता है । जो ज्यादा पैसा देगा, उसको परमिट मिल जाएगा । मैं चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को राय दे कि जितने भी लोग जिस रूट के लिए परमिट लेना चाहें उनको परमिट लेने की खुली छूट दे दी जाए । हर एक आदमी को तो परमिट लेना चाहे, मिलना चाहिये ताकि बसें चलाने वालों के मध्य कम्पीटिशन हो और अगर कम्पीटिशन होगा तो वे ज्यादा सवारियां ले जायेंगे, लोगों को सुविधायें प्रदान करेंगे । जो पैसे वाले होते हैं आज की व्यवस्था में वे अनेकों परमिट ले लेते हैं और उनकी उस रूट पर मोनोपोली हो जाती है ।

बसों में कितनी सवारियां बैठें और कितनी सवारियां न बैठें, इसके बारे में अगर वे लोग दारोगा से मिल जाते हैं तो फिर उनकी चांदी ही चांदी है । फिर आनन्द से वे जितनी सवारियां चाहें ले जा सकते हैं । दारोगा जी घर में नहा रहे हों या नाश्ता कर रहे हों, तो उनके घर के आगे से बस तब तक नहीं जा सकती है जब तक वह नहा कर या नाश्ता करके नहीं आ जाते हैं । तब तक बस वहीं खड़ी रहती है । सवारियां परेशान होती हैं, जो बीमार सवारियां होती हैं, वे भी परेशान होती हैं । इस तरह की जो चीज है यह नहीं होनी चाहिये । समय पर बसों को चलना चाहिये ।

जो रोड्ज हैं वे भी ठीक हालत में रहनी चाहिये । न केवल प्रांतीय सड़कें हैं, बल्कि जो नैशनल हाइवेज हैं, वे भी आजकल बहुत खराब हालत में हैं । सागर से ग्वालियर, झांसी, ललितपुर हो कर नैशनल हाइवे नम्बर 26 आगे नागपुर की तरफ चली जाती है । इस सड़क की हालत बहुत खराब है । इस सड़क की हालत को देखें तो आपको पता चलेगा कि हमारे जो जिलें की सड़कें हैं, उससे भी कहीं बदतर हालत इस सड़क की है । बैलगाड़ी के रास्ते से भी खराब उसकी हालत है । केन्द्रीय सरकार को चाहिये कि इन सड़कों के वास्ते वह सीधे राज्य सरकार को पैसा दे दिया करे और वह इन सड़कों की मरम्मत करा दिया करें । आपके पास न उतना स्टाफ है, न गैंग है और न आप उनकी देखभाल कर सकते हैं । राज्य सरकारों को आप पूरा पैसा दे दें तो वे उनको ठीक ठाक हालत में रख सकती हैं ।

नैशनल हाइवेज पर बहुत सी नदियां भी पड़ जाती हैं जिन पर पुल बनाने की जरूरत पड़ती है । इनको लेकर दो राज्यों के बीच में झगड़े भी पैदा होते हैं । झगड़े इस लिये होते हैं कि कितना आप देंगे और कितना दूसरी सरकार देगी । मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं । झांसी और टीकमगढ़ के बीच जापन नदी पर घूंटाघाट है । वह डाकू ग्रस्त क्षेत्र है । डाकू डकैती डाल कर उत्तर प्रदेश में चले जाते हैं । वहां पुल के लिए हम सरकार से बार बार मांग करते रहे हैं । अब जा कर सरकार ने शायद उसकी मंजूरी दी है और उसके लिए सोलह लाख रुपये का प्राविजन किया है । हम चाहते हैं कि जल्दी उस पुल का निर्माण किया जाए इस तरह से जहां जहां पुलों की आवश्यकता है, वहां वहां पुल जल्दी बना दिये जाने चाहियें ।

हम रेल गाड़ी की मांग करते हैं तो आप कहते हैं कि हमारे पास पैसा नहीं है । सड़कों की मांग करते हैं तो सड़कें भी आप नहीं देते हैं । लेकिन यहां पर नार्थ एवेन्यू में एम पीज के जहां बंगले हैं, वहां डामर की सड़कें भी हैं और वहां बजरी भी बिछाई गई है । यहां पर तो इतनी सुविधायें लेकिन वहां सड़क तक नहीं । हमारा देश गरीब देश है । 80 प्रतिशत जनता देहातों में रहती है । वहां पर आप ज्यादा सड़कें बनायें न कि दिल्ली और कलकत्ते में । पहली योजना में कहा गया था कि कोई गांव ऐसा नहीं रहेगा जो सड़क से पांच मील दूर हो, हर गांव

[श्री नाथूराम अहिरवार]

में स्कूल हो, पांच दस हजार की आबादी पर अस्पताल होगा। हम गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें देना चाहते हैं, हम उन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना चाहते हैं, आदि। लेकिन इस तरफ ध्यान न दे कर सरकार ने एक दूसरा ही रास्ता अपना लिया है। गांवों की जनता की आवश्यकताओं की तरफ ध्यान न दे कर वह बड़े बड़े शहरों में सड़कें बनाने में लगी है, ताकि उन पर मोटरें आदि सुविधा से चल सकें। केन्द्रीय सरकार विभिन्न राज्य सरकारों को इतने ज्यादा फंड्ज़ दे कि वे देहात की सड़कों की मरम्मत करवा सकें।

हम देखते हैं कि राज्य सरकारों द्वारा परिवहन का यांत्रिक राष्ट्रीयकरण किया जाता है, जिस से एक ही रूट पर सरकारी बसें भी चलती हैं और प्राईवेट बसें भी चलती हैं। होता यह है कि प्राइवेट बसों वाले सरकारी बसों के कन्डक्टर और ड्राइवर को दस रुपये देते है और वे अपनी गाड़ी को खाली ले जा कर सीधे अपने अड्डे पर ले जाते हैं और प्राइवेट बसों वाले सब सवारियों को उठा लेते हैं। इस प्रकार दस रुपये ले कर सरकारी बसों के कर्मचारी सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं। इस लिए ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि राज्य सरकारें किसी भी रूट को पूरी तरह से नेशनलाइज़ करें और उस पर प्राईवेट बसों को चलने की अनुमति न हो।

मैं तहसील हैडक्वार्टर निवाड़ी में रहता हूं। यू० पी० की बसें वहां से होकर गुज़रती हैं, लेकिन वहां पर उनका कोई स्टैन्ड नहीं बनाया गया है। बस स्टैन्ड वहां से पांच मील दूर बनाया गया है और जो कोई हमारे यहां आना चाहता है, उस को पांच मील दूर बने स्टैंड तक का टिकट दिया जाता है। मैंने इस बारे में कई दफा उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा, लेकिन उस ने अभी तक वहां कोई बस स्टैंड बनाने की व्यवस्था नहीं की है।

मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को आम जनता को अधिक से अधिक सुविधायें देने की व्यवस्था करनी चाहिए। बसों के परमिट के लिए जितनी भी दरख्वास्तें आती हैं, उन सब को परमिट दिये जायें, ताकि कम्पीटीशन में वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को ले जायें। थोड़ी बसें होने से जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए सरकार इस विषय में एक नया पूर्ण बिल लाये।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री शिव चन्द्र झा** (मधुबनी) : सभापति महोदय, इस विधेयक को पेश करते हुए मन्त्री महोदय ने कहा कि वह इस बारे में एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाने वाले हैं। मैं उन से यह जानना चाहता हूं कि जब वह इस बारे में एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाने वाले हैं, तो फिर उन्हें यह बिल लाने की ऐसी कौन सी सख्त ज़रूरत पड़ गई। तमाम सदस्यों ने कहा है कि इस बिल में बड़ी गड़बड़ है। मै भी उन की राय से सहमत हूं।

इस विधेयक को लागू करने के सम्बन्ध में सरकार की नीति कहां तक ठीक या गलत है और वह इस बारे में कहां तक ईमानदार है, यह बात इस विधेयक की दो क्लाजिज़ से साफ़ हो जाती है। क्लाज़ 1(2) में कहा गया है :

> "It shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint. and different dates may be appointed for different provisions of this Act."

मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार इस विधेयक का कौन सा मुद्दा सबसे पहले लागू करेगी और कौन सा मुद्दा आखिर में लागू करेगी। विधेयक में कहा गया है कि आफ़िशल गजेट में

एलान किये जाने के बाद यह विधेयक लागू किया जायेगा और उस के विभिन्न प्राविजन्ज़ समय समय पर भिन्न भिन्न तारीखों को लागू किये जायेंगे। सभापति महोदय, आप यकीन रखिये कि इस विधेयक का कोई मुद्दा कार्यान्वित नहीं होगा और इस का जो कोई प्राविजन लागू होगा भी, उस से धांधली और भ्रष्टाचार बढ़ेगा और इस विधेयक का कोई भी मकसद पूरा नहीं होगा।

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हिन्दुस्तान अभी बाइसिकल एज में है। ये लोग साबित करना चाहते हैं कि अब हम मोटर एज में आ गये हैं। लेकिन ऐसी बात नहीं है। हिन्दुस्तान में मोटर व्हीकल्ज़, स्कूटर्ज़, टैक्सीज़ और प्राइवेट कारों आदि की संख्या मोटे तौर पर दस लाख है; या ग्यारह लाख समझ लीजिए। इस देश की आबादी पचास करोड़ है। इस प्रकार हमारे देश में पांच हज़ार व्यक्तियों पर एक मोटरगाड़ी है। अमरीका में दुनिया में सबसे ज़्यादा मोटर गाड़ियां हैं— तीन आदमियों पर एक मोटरगाड़ी है। मुझे वहां का निजी तजुर्बा है। मैं बर्कले में विद्यार्थी था। मैं अमरीका में सात बरस तक रहा। मैं ने सान फ्रांसिस्को, न्यूयार्क और शिकागो आदि में देखा कि वहां इतना रश है, इतना ट्रैफिक है, इतनी गाड़ियां हैं, लेकिन पथिक, पैदल चलने वाले, के लिए जितनी सुविधायें वहां हैं, उन को ये लोग सोच भी नहीं सकते हैं, चाहे इन लोगों ने समाजवाद का साइनबोर्ड अपने माथे पर लगाया हो।

उदाहरण के लिए अमरीका में स्कूल ज़ोंज में सड़कों पर लिखा रहता है: "स्कूल गो-स्लो"। उस पर लिखा रहता है कि अमुक स्पीड से ज़्यादा तेज़ न चलाया जाये। इस विधेयक में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है कि स्कूल ज़ोन में प्राईवेट और सरकारी गाड़ियां कितनी स्पीड पर चलनी चाहिएं।

कुछ दिन पहले मैं तीन मूर्ति के पास खड़ा था। एक गाड़ी तेज़ी से आ रही थी। बहुत से बच्चे वहां खेल रहे थे। मुझे ऐसा लगा कि कोई एक्सीडेन्ट हो जायेगा। वह कार रुकी नहीं, बल्कि एक आइस क्रीम वाले से लड़ गई। उस कार वाले ने आईस क्रीम वाले को कहा तुम ने क्यों रास्ता ब्लाक किया हुआ है। इस देश में पेडेस्ट्रियन्ज़ का कोई खयाल नहीं है। हमारे समाज में इन्सान इम्पार्टेन्ट नहीं है, गाड़ी इम्पार्टेन्ट है।

**श्री इकबाल सिंह** : "गो स्लो" वाली बात मेन एक्ट में है।

**श्री शिव चन्द्र झा** : इस में यह व्यवस्था नहीं है कि हास्पिटल्ज़ में चूंकि मरीज़ होते हैं, इसलिए वहां हार्न नहीं बजाना चाहिये।

इस विधेयक में कहा गया है कि जो लाइसेंस का परमिट नहीं लेगा, उस को सज़ा दी जायेगी। जो कोर्ट या ट्रिब्यूनल बनाए जायेंगे इस व्यवस्था से उन की धांधली के लिए फाटक खुल जायेगा। कुछ समय पहले की बात है कि एक भद्र पुरुष ने कनाट प्लेस मे हरी लाइट न होने पर सड़क को पार किया और मोबाइल कोर्ट ने उस व्यक्ति के पास पैसा न होने की वजह से उस के कपड़े तक उतरवा लिये। उस की फोटो नैशनल हेरल्ड और अन्य अखबारों में छपी थी। इस प्रकार की कोर्टस से धांधली बढ़ जाती है।

मैं इस बात से सहमत हूं कि प्राइवेट सेक्टर की बसों को खत्म कर देना चाहिए और लार्ज स्केल पर मुसाफिरों तथा माल के ट्रांसपोर्टेशन का काम पब्लिक सेक्टर में आना चाहिए। लेकिन जहां सरकार की ओर से व्यवस्था नहीं की जा सकती है, वहां प्राईवेट सेक्टर को काम करने दिया जाये और उन को परमिट तथा कर्ज़ के रूप में प्रोत्साहन दिया जाये। बड़ी सड़कों पर तो बसों और ट्रकों आदि का थोड़ा बहुत इन्तज़ाम है, लेकिन सुदूर देहात में जाने के लिए इतनी तकलीफ उठानी पड़ती है, जिस की कल्पना नहीं की जा

[ श्री शिव चन्द्र झा ]

सकती है । सरकार का ध्यान केवल दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास जैसे बड़े शहरों की ओर है । देहात की सड़कों की तरफ उनका ध्यान नहीं है । वहां पर को-आपरेटिव सोसायटीज को गाड़ियां चलाने की सुविधा दी जानी चाहिए । इस प्रकार उन क्षेत्रों में प्राईवेट सेक्टर को को-आपरेटिव्ज में बदल देने से समाजवाद का रास्ता साफ होगा ।

इस विधेयक में पेज 34 पर कोर्ट आदि के अफसरों को विदआउट वारन्ट खर्च करने का हक दिया गया है । यह संविधान के खिलाफ काम है । जो कोई भी मन्त्री कोई विधेयक यहां पर लाता है और इस बात को उठाता है कि किसी नागरिक की तलाशी होगी वगैर वारन्ट के वह जनतंत्र के खिलाफ काम करता है । इस में वारंट की गुंजाइश है पेज 34 पर, लेकिन उस के लिए आप और फाटक खोले देते हैं ।

इस के अलावा मेरा कहना यह है कि यह जो कंडक्टर लोग हैं उन में एक सेंस आफ ड्यूटी होनी चाहिए । उन की सुविधाएं और भी बढ़ाई जानी चाहिएं लेकिन उस के साथ साथ सेंस आफ ड्यूटी भी उन में पैदा करनी चाहिए । दिल्ली में ही आज देख लीजिए, इतनी भीड़ लगी रहती है और बाज वक्त ऐसा भी होता है कि कंडक्टर बस भगा लिए चला जाता है । आप ने एक ला बनाया है कि इस से ज्यादा आदमी नहीं बैठेंगे । ठीक है, उस का पालन कराइए । उस से ज्यादा जो लोग बैठते हैं वह क्यों बैठते हैं ? इस के ऊपर भी आप सोचिए और इस का भी कोई उपाय निकालिए । यह जो वर्कर्स हैं, कंडक्टर, ड्राइवर वगैरह इन के लिए आप क्लब बनाइए जहां वह ठहर सकें और रिक्रियेशन कर सकें । कितने वर्कर्स ऐसे है जिन के लिए रहने की कोई सुविधा नहीं होती । तो उन के लिए डिपोज में और दूसरी जगह आप एक कामन हाल के रूप में कोई क्लब या रिक्रियेशन सेंटर बनाइए जिस से उन को प्रोत्साहन मिलेगा और साथ ही साथ जनता की सेवा और उन को सुविधा पहुंचाने की भावना आप उन में पैदा करें । यह सब बातें आप लाएंगे तब यह विधेयक मोटे तौर पर काम्प्रीहेंसिव हो सकता है और अभी जिस रूप में आप ने इसे रखा है मैं समझता हूं कि यह एक लिप सर्विस आप दे रहे हैं, चूंकि 65 से यह विधेयक पड़ा हुआ है इसलिए इस को पास कराकर आपको एक डिग्री लेनी है लेकिन इस से न आप का ट्रांसपोर्टेशन का मसला हल होगा और न सुविधाएं बढ़ेंगी । उलटे धांधली और बढ़ जायेगी । इसलिए बेहतर है कि अभी कोई देरी नहीं हुई है, इस को आप वापस ले लें और इस सत्र के आखीर तक दूसरा एक काम्प्रीहेंसिव विधेयक लाएं । इन्ही शब्दों के साथ मैं इस विधेयक की मुखालिफत करता हूं ।

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN (Chamba) : This Bill tries to meet the needs of the nation in regard to road transport requirements, but with due respect, I submit that it has sufficiently failed to achieve its object.

The primary object of a Motor Vehicles Bill should be to provide a convenient conveyance to the public in general and it should also provide cheap transport of goods from one place to another so that there is fact development of the industrial sector of the country, because the better and cheaper the movement, the easier it is to develop industry. The third object should be that it should normally provide some form of income by way of tax to the Government. Last but not least is the consideration that in case of accidents, the passengers should get their claims for damages settled quickly and those who send their goods on the public carriers should be able to get quick compensation in case of loss or other contingencies. The question before us is whether this Bill achieves these objectives.

Taking first the question of the convenience of passengers, what we find on roads is that where there is more traffic the number of buses is not enough. Why is it not so ? The answer is very simple. Those who run buses on those particular routes

see to it that a lesser number of buses run on those routes so that they can overload their buses and earn more money. This also leads to deterioration in the economy of the country because it leads to the growth of monopolies On the one hand, we are crying hoarse for ushering in a socialistic pattern so that the rights of the common man are realised the inequalities between rich and poor are removed; on the other, we adopt a system which necessarily leads to the growth of monopolies. The easiest way of raising or increasing monopolies is to develop the system of licences and route permits, and that is exactly what we are doing. We are developing it and we are so much accustomed to the system of permits and licences that we cannot think otherwise. The best way to finish monopolies is to do away with the system of licences and permits. The best way of developing the transport system and doing away with monopoly in transport is to do away with the route permits. The result will be that more people will go into this particular line of business. There will be competition *inter se* and they would reduce the fares and try to improve their service and the public would, in general, gain.

There is another way of doing it, and that is to completely monopolise a particular route and see that we introduce more buses in that route. If we do not have sufficient money to buy enough number of buses to completely cover the particular route, an alternative is to allow private enterprise to enter till we are able to completely take over that particular route. Therefore, I submit that the time has come to reconsider this system of granting permits.

Who gains by this system of permits? One gainer, of course, is the transporter because he gets monopoly in a particular area, and the second gainer is the bureacracy because the transporter has to go the bureaucracy to see that no body else gets the routes and to see that they decide that this is the number of routes that they have to give in a particular region. What is the qualification of the people in the Transport Department who decide that a particular needs only so many routes and not more? Already, in the railways we are in a mess and equally we are trying to create a mess in this particular line also.

Another argument was advanced that we need this syetem of route permits because otherwise the railways will suffer, freights and passenger fares will go down, and nobody would travel by the railways. To keep up an inefficient system we need not make another system equally, if not more. inefficient. Therefore, I submit that there should be rethinking as to whether we at all need the system of route permits especially in those regions and routes where Government is not running its own buses.

The second question is, those who run the buses, do they also suffer any inconvenience? The answer is very simple, that they also suffer. If you have to run buses in Punjab, Haryana, Delhi and Bombay, you have to go to four different corners in four different States to get route permits. So, I submit that it is high time you had a central authority covering the whole of India which can finally decide to whom the route permits should be given in a particular region.

Thirdly, you have developed two types of courts for granting damages to the people who suffer by travelling in buses. So far as personal damage is concerned, that is if person breaks his legs or arms or dies, a Claims Tribunal has been set up, but if he loses luggage of Rs. 2,000 or above, he has to go to different courts. The object of the statute should be that the passengers or the people should be made to spend the least and should be given the maximum advantage What is the difficulty in the same Tribunal deciding the claims regarding the property also above the value of Rs. 2,000? The procedures in the courts are very lengthy and very costly and I submit that the Government should reconsider this aspect and all types of claims, personal or property, should be decided by the same Claims Tribunal.

Then there are various fees prescribed under the statute for transporters. There should be a consolidated fee so that the transporter knows what he has to pay once for all instead of each Government or authority trying to take a fee from him.

Last of all, the question of taxation is there and I submit that if there

[Shri Vikram Chand Mahajan]

are more buses, there will be more tax realisation. If there are more buses, more persons will get employment; freight and passenger rates would go down. From all these points of view the system of route permits should by done away with.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : Road transport is an important amenity of civilised life and Government should give thought to the system The system of regional authorities, granting permits for only one State and the system of endorsement validating that permit in another State--all these look like passports and visas and it makes one feel as if in India all the States are independent States, foreign States. The whole thing must go Even in international life we are trying to reduce barriers and hurdles in commerce and trade; I do not see why in the same country there should be such a system of passport and visa. If a passenger bus or lorry or a car is licenced in one State, it must have free access without any necessity for endorsement from any other State. The whole thing is based on central legislation; it is not as if one State is passing its own law as against another.

Taxation is heavy; everybody knows it. But what is the *quid pro quo* for this heavy taxation ? Are our roads good ? In some parts of our country, the tarrea surface is not even 12 feet wide; in many cases it is just 12 feet in our national high ways. Often the sides are so low that the buses topple down because of the difference in the levels of the black top and the other surface.

Is there no duty on the Government to drovide shelters at convenient distances ? Can you not adopt the system of the private operators. Burmah Shell is constructing motels everywhere. On national high ways you must have your own places where the passengers can sit and take refreshments; your drivers and crew can go and take rest. unless you provided adequate facilities, mere rules that the driver cannot work for more than five hours will not help Even where some shelters are provided, they do not conform to decent civilised standards; there is no privacy for men, and worse, for women.

There is talk of nationalisation. It is good if it is done well. We want all things to be nationalised. We started it in Madras when Mr. Prakasam was the Chief Minister. He nationalised the city bus service and that was one of the reasons that caused his exit. It does not matter; his successors are reaping the benfit. You cannot have nationalisation in some districts and private operators in other districts. It is like killing half a hen for cooking and retaining the other half for laying e gs. What are these 'eggs' ? At the time of elections you will find them in all the districts where there is no nationalisation from the election funds collected. It is a well known scandal throughout India; one need not dilate upon it. Therefore, I suggest that if you nationalise bus transport it should be done on a rational basis. You have got the national highway. Why don't you nationalise the entire routes throughout India, having one system, one method and then give shuttle services to the private-owners ? Because, when there are shuttle services, short services, the private buses, restricted to run three or four buses would not have chance to exploit the people very much and they will be under control. Please consider that aspect also.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI (Krishnagar) : The private bus owners have not increased their fares since 1947.

SHRI TENNETI VISWANATHAM : Because they want somehow or other to run the buses. Now, about efficiency of the nationalised services, you have got to take care about it. You are retaining nationalisation, and I am also suggesting nationalisation, but you must efficient. We have got the public services here, the DTU and there is the public transport service in Hyderabad or else where. We have coal smoke in Calcutta to cover the city and here we have got the bus smoke. Then, you see here in the DTU or in Hyderabad, only the worst and the oldest buses are dumped upon the nationalised services. I do not know why no action for improvement is taken at all in this matter Not only that : the buses rattle. The seats are not good. Then you have got the system of tourist buses and the de luxe buses with the result that the ordinary buses are completely neglected. Therefore, unless the Minister takes some special inte-

rest in this, nationalisation will be brought into contempt. In fact, half the number of officers who are in these nationalised services do not believe in this nationalised transport service They want to do everything which will lead to bring these services into contempt.

MR. CHAIRMAN : The hon. Member's time is up.

SHRI TENNETI VISWANATHAM : Only five minutes, Sir ? The national highways run into 2,500 miles, and only five minutes to speak on this ?

MR. CHAIRMAN : Five minutes for everyone, and I hope you will also agree.

SHRI TENNETI VISWANATHAM : Then, the number of accidents that are happening in this country on the roads is appalling. I understand from the most conservative estimates that there are at least 350 persons who die everyday under the wheels of the motor vehicles in India. I think you must take some special care about this. There is no road which you travel on and where you will not fail to see a car upturned and all the four wheels looking up into the sky every day; it is a common sight not only in Delhi but in all cross-country roads. Why don't the Government do smething about this ?

I understand you have got the mobile magistracy here who are there to punish the people who overspeed and to prevent overcrowding But I also understand that they require some protection. Recently, I read in the newspapers that these mobile magistrates are being belaboured and therefore, unless you give them some protection, there is no purpose, and your mobile justice will become mobile injustice; therefore, it is very important that you should attend to it.

Then there is the problem of overcrowding. Overcrowding is very great. There is overcrowding in the trains and the buses have come in order to relieve the congestion in the trains. But here also, they are unable to avoid overcrowding. Once it happened that a tall gentleman was travelling in one of the buses; he was too tall for the size and height of the bus; there were several turns and jerks. When once there was a jerk, he landed himself down on a seat on which a lady was sitting. "Excuse me," he said, and he rose. By the time he got himself excused by the lady, there was another jerk, and then he again landed himself on the seat. "Excuse me," he said, but then the query came : "But who are you ?" Then he replied, All the while I was thinking I was a Scotlander, but now I do seem to be a Laplander !"

श्री अब्दुल गनी डार (गुड़गांव) : चेयरमैन साहब, मैं अपने अजीज़ को मुबारकबाद देता हूं कि कुछ न कुछ उन्होंने आगे बढ़ने की कोशिश की हैं । ये खुद भी बहुत बड़े ट्रांसपोर्टर रहे हैं, इसलिये इन्हें इस काम का पूरा तजुर्बा है । इनकी ज़िन्दगी का ख़ासा हिस्सा ट्रांसपोर्ट के साथ वाबस्ता रहा है और अब तक बावस्ता है । अपनी मेहनत से कमाते हैं, इसलिये सूरज को चिराग़ क्या दिखायेगा रोशनी ।

इसलिये जैसा विश्वनाथ जी ने कहा कि एक कार की जहां रजिस्ट्री होती है, जहां उसकी फीस दी जाती है, उसके बाद सारे हिन्दुस्तान में उस के लिये कहीं रुकावट नहीं है, तो कोई वजह नहीं है कि वे लोग जिन्होंने उस वक्त खिदमत की, जब मुल्क डिवाइड हुआ, उस वक्त खिदमत की जब पाकिस्तान ने हमला किया, उस वक्त खिदमत की जब चीन ने हमला किया, अपने ट्रक्स और बसों को गवर्नमेन्ट की डिस्पोज़ल पर छोड़ दिया, उन्होंने अपनी जानें भी खतरे में डालीं, कई मारे गये, उनके साथ कोई ऐसा व्यवहार करें, जिससे गवर्नमेन्ट को भी नुकसान न हो, आप का रेवेन्यू आपको पूरा मिल जाय, और एक ही जगह दे कर उन का छुटकारा हो जाय, जगह जगह उनको रिश्वत न देनी पड़े, परेशान न होना पड़े । जहां से माल उठायें और जहां तक जाना हो चले जांय । परमिट सिस्टम को शायद आप इसलिये जरूरी समझते हैं कि इस के न होने से शायद एक जगह ज्यादा चलेंगी और उससे शायद इन का नुकसान होगा । मेरी बदनसीबी यह है कि मैं एक ऐसे सूबे से ताल्लुक रखता हूं जिसका

[श्री अब्दुल गनी डार]

ट्रांसपोर्ट में सब से ज्यादा हिस्सा है, जिस सूबे से सरदार इकबाल सिंह भी आये हैं। मेरी पैदायश गुरु की नगरी में हुई है। उस वक्त हरयाणा और हिमाचल प्रदेश पंजाब के साथ थे और हम चाहते थे कि पजाब और भी बड़ा हो। लेकिन बदनसीबी से पंजाब के तीन हिस्से हुए। तीन हिस्से होने से आप यकीन मानिए, जगह जगह परेशानी है और जगह जगह पर टैक्स देने में ही सारा वक्त निकल जाता है। किसी भाई ने कहा कि टायर नहीं मिलते। सरकार का इण्डियन आयल कार्पोरेशन है। लेकिन जो ल्यूब्रिकेन्ट हैं वह एस्सो और बी ओ सी 11 पैसे ज्यादा फी लीटर सोलहा साल से बेचते रहे। चूंकि सारा काम सरकार के हाथ में आ रहा है, इस लिए मैं मुबारिकबाद देता हूं। मैं चाहता हूं कि सारा नेशनालाइज हो जाये लेकिन यह कहां का न्याय है कि लेबर को पूरी वेजेज न दें। खुद वह 80 रुपए देते हैं, शकूर बस्ती से फरीदाबाद के लिये लेकिन जो लेबरर होते हैं उनको 63 रुपये देते हैं और उसके बाद उसमें दलाली भी खाते हैं। जैसे जैसे मंहगाई बढ़ती है उसका एक बहाना लगाकर कहते हैं कि हम टेन्डर काल करेंगे। किसी की ताकत होती है लेकिन मेरी तरह का छोटा आदमी क्या लेगा। जिसकी तीन ट्रक्स हैं उसके नाम एक मिलेगा जबकि वहां जरूरत है सौ ट्रक्स की। तो उसको मलाई खाने के लिए मिलेगी और चौधरी रणधीर सिंह जैसे किसानों के हिस्से में आयेगी। किसानों के ही ज्यादा ट्रक हैं। तो पब्लिक सेक्टर को इस तरह का फाड नहीं करना चाहिए। आप उनको खुली छूट दीजिए और साथ ही अपना पैसा पूरा ले लीजिए क्योंकि बिना पैसे के सरकार कैसे चल सकती है-चाहे वह स्टेट की सरकार हो या केन्द्र की सरकार हो। लेकिन वह जगह जगह रुकें, जगह जगह इजाजत लें और एक एक हफ्ते के परमिट बनवायें और उसके बाद ही कहीं जा सकें, मेरे खयाल में यह बहुत ही परेशानी की बात होती है। आप खुद एक शानदार ट्रांसपोर्टर हैं, और सरदार गुरचरण सिंह जोकि नये एम पी बन कर आये हैं। इनके साथ उन्होंने भी ट्रान्सपोर्ट का काम खूब किया और इस तरह सिर्फ पंजाब ही नहीं बल्कि सारे देश की खिदमत की। आज भी हिन्दुस्तान का कोई हिस्सा नहीं है जहां कि आपको पंजाबी ट्रान्सपोर्टर न मिल जाये-चाहे वह ट्रक की सूरत में हो या बसेज की सूरत में हो या फिर टैक्सी वाला होगा तो उसे भी आप सिख ही पायेंगे या हरियाणे का जाट पायेंगे। मेरा मतलब यह है कि वह पंजाबी ही होगा। तो मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि वह रेवोल्यूशन लाये और ऐसी आसानियां पैदा करे जिससे कि देश का हित हो ताकि फिर गवर्नमेन्ट की भी इज्जत बढ़े।

मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि इसकी क्लाज 41, 54 और 62 को फिर से देखने की कोशिश करें। उसमें अगर कुछ आसानी पैदा कर सकते हैं तो वह करें। अभी जैसा कि कहा गया बिना वारन्ट के जिस को चाहें पकड़ लें, मैं समझता हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए। बहरहाल मैं इसके लिए इनको मुबारिकबाद देता हूं और चाहता हूं कि ये कदम को बढ़ायें और यह जो बिल है इसको काम्प्रिहेंसिव बनाकर लायें ताकि उससे इस देश की भी भलाई हो और ट्रान्सपोर्टर की भी भलाई हो।

[ شری عبدالغنی ڈار (گڑگاؤں)

چیرمین صاحب میں اپنے عزیز کو مبارک باد دیتا ھوں کہ کچھ نہ کچھ انھوں نے آگے بڑھنے کی کوشش کی ھے-یہ خود بھی بہت بڑے ٹرانسپورٹر رھے ھیں اس لئے انھیں اس کام کا پورا تجربہ ھے-ان کی زندگی کا خاصا حصہ ٹرانسپورٹ کے ساتھ وابستہ رھا ھے اور اب تک وابستہ ھے-اپنی محنت سے کمائے ھیں-اس لئے سورج کو چراغ کیا دکھائیگا روشنی-

اس لئے جیسا وشواناتھن جی نے کہا کہ ایک کار کی جہاں رجسٹری ہوتی ہے جہاں اس کی فیس دیجاتی ہے اس کے بعد سارے ہندوستان میں اس کے لئے کہیں روکاوٹ نہیں ہے تو کوئی وجہ نہیں ہے کہ وہ لوگ جنہوں نے اس وقت خدمت کی جب ملک ڈوائڈ ہوا-اس وقت خدمت کی جب پاکستان نے حملہ کیا-اس وقت خدمت کی جب چین نے حملہ کیا- اپنے ٹرکس اور بسوں کو گورنمینٹ کے ڈسپوزل پر چھوڑ دیا- انہوں نے اپنی جانیں بھی خطرے میں ڈالیں-کئی مارے گئے-ان کے ساتھ کوئی ایسا ویوہار کریں جس میں گورنمینٹ کو بھی نقصان نہ ہو آپ کا ریوینیو آپ کو پورا مل جائے اور ایک ہی جگہ دیکر ان کا چھٹکارا ہو جائے جگہ جگہ ان کو رشوت نہ دینی پڑے پریشان نہ ہونا پڑے-جہاں سے مال اٹھائیں اور جہاں تک جانا ہو چلے جائیں- پرمٹ سسٹم کو شاید آپ اس لئے ضروری سمجھتے ہیں کہ اس کے نہ ہونے سے شاید ایک جگہ زیادہ چلیںگی اور اس سے شاید ان کا نقصان ہوگا-میری بدنصیبی یہ ہے کہ میں ایک ایسے صوبے سے تعلق رکھتا ہوں جس کا ٹرانسپورٹ میں سب سے زیادہ حصہ ہے جس صوبے سے سردار اقبال سنگھ بھی آئے ہیں- میری پیدایش کرو کی نگری میں ہوئی ہے- اس وقت ہریانا اور ہماچل پردیش پنجاب کے ساتھ تھے اور ہم چاہتے تھے کہ پنجاب اور بھی بڑا ہو-لیکن بدنصیبی سے پنجاب کے تین حصے ہوئے تین حصے ہونے سے آپ یقین مانئے جگہ جگہ پریشانی سے اور جگہ جگہ پر ٹیکس دینے میں ہی سارا وقت نکل جاتا ہے- کسی بھائی نے کہا کہ ٹائر نہیں ملتے- سرکار کا انڈین آئیل کارپوریشن ہے-لیکن جو لیوبریکینٹ ہے وہ ایسو او بی او سی ۱۱ پیسے زیادہ فی لیٹر سال ہا سال سے بیچتے رہے- چونکہ سارا کام سرکار کے ہاتھ میں آ رہا ہے اس کے لئے میں مبارک باد دیتا ہوں-میں چاہتا ہوں کہ سارا نیشنلائز ہوجائے لیکن یہ کہاں کا نیائے ہے کہ لیبر کو پوری ویجیز نہ دیں-خود وہ ۸۰ روپئے دیتے ہیں-شکور بستی سے فریدآباد کے لئے لیکن جو لیبور ہوتے ہیں ان کو ۶۳ روپئے دیتے ہیں اور اس کے بعد اس میں دلالی بھی کھاتے ہیں-جیسے جیسے مہنگائی بڑھتی ہے اس کا ایک بہانا لگاکر کہتے ہیں کہ ہم ٹمپٹر کال کریںگے- کس کے طاقت ہوتی ہے لیکن میری طرح کا چھوٹا آدمی کیا لڑیگا-جسکے تین ٹرکس ہیں اس کے نام ایک ملیگا جب کہ وہاں ضرورت ہے سو ٹرکس کی- تو اس کو ملائی کھانے کے لئے ملیگی اور چھاچھ رلدھیر سنگھ جیسے کسانوں کے حصے میں آئیگی- کسانوں کے ہی زیادہ ٹرکس ہیں- تو پبلک سیکٹر کو اس طرح کا فراڈ نہیں کرنا چاہیئے-آپ انکو کھلی چھوٹ دیجئے اور ساتھ ہی اپنا پیسا پورا لے لیجئے-کیونکہ بنا پیسے کے سرکار کیسے چل سکتی ہے-چاہے وہ اسٹیٹ کی سرکار ہو یا کیندر کی سرکار ہو-لیکن وہ جگہ جگہ رکیں-جگہ جگہ اجازت لیں اور ایک ہفتہ کے پرمٹ بنوائیں اور اس کے بعد ہی کہیں جا

[شری عبدالغنی ڈار]

سکیں۔میرے خیال میں یہ بہت ہی پریشانی کی بات ہوتی ہے۔آپ خود ایک شاندار ٹرانسپورٹر ہیں اور سردار گرچرن سنگھ جوکہ نئے ایم پی بنکر آئے ہیں ان کے ساتھ انھوں نے بھی ٹرانسپورٹ کا خوب کام کیا اور اس طرح صرف پنجاب ہی نہیں بلکہ سارے دیش کی خدمت کی۔آج بھی ہندوستان کا کوئی حصہ نہیں ہے جہاں کہ آپ کو پنجاب کا ٹرانسپورٹر نہ مل جائے۔چاہے وہ ٹرک کی صورت میں ہو یا بسیز کی صورت میں ہو یا پھر ٹیکسی والا ہوگا تو اسے بھی آپ سکھی پائینگے یا ہریانے کا جاٹ پائینگے۔میرا مطلب یہ ہے کہ وہ پنجابی ہی ہوگا۔ تو میں سرکار سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ وہ ریولیوشن لائے اور ایسی آسانیاں پیدا کرے جس سے کہ دیش کا ہت ہو تاکہ پھر گورنمینٹ کی بھی عزت بڑھے۔

میں منتری مہودے سے کہوں گا کہ اس کی کلاز ۴۱-۵۱ اور ۶۲ کو پھر سے دیکھنے کی کوشش کریں۔اس میں اگر کچھ آسانی پیدا کر سکتے ہیں تو وہ کریں۔ابھی جیسا کہ کہا گیا کہ بنا وارنٹ کے جس کو چاہیں پکڑ لیں میں سمجھتا ہوں ایسا نہیں ہونا چاہئیے۔بہرحال میں اس کے لئے ان کو مبارک باد دیتا ہوں اور چاہتا ہوں کہ یہ قدم کو بڑھائیں اور یہ جو بل ہے اس کو کامپریہینسو بنا کر لائیں تاکہ اس سے اس دیش کی بھی بھلائی ہو اور ٹرانسپورٹر کی بھی بھلائی ہو۔]

**श्री बेणी शंकर शर्मा (बांका)** : सभापति महोदय, जो भी कानून हम यहां बना रहे हैं उसका उद्देश्य एक ही होना चाहिए और वह है बहुजन हिताय बहुजन सुखाय। किन्तु जब इस बिल को हम इस कसौटी पर कसते हैं तो मुझे बड़ी निराशा होती है। मुझे इस बिल की सेलेक्ट कमेटी में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वहां मैंने कहा था कि यह आप जो पैबन्द लगाकर 1939 माडल की गाड़ी चला रहे हैं वह कितने दिन चलेगी ? 1939 में जब मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट बना था तब परिस्थितियां दूसरे प्रकार की थीं। तब मोटर कारें बहुत कम थीं, ट्रकें बहुत कम थीं और बसेज़ भी बहुत नहीं थीं लेकिन आज सड़कों पर ट्रकों और बसों का तांता लगा हुआ है। किसी भी नेशनल हाईवे पर आप चले जाइये, हर दो मिनट के बाद आपको ट्रकें और बसें जाती हुई मिलेंगी। ऐसी स्थिति में यह बिल जो लाया गया है मेरी समझ में वह बहुत नाकाफी है। इस सदन में सभी पार्टियों की ओर से कहा गया है जब तक एक काम्प्रिहेंसिव बिल नहीं लाया जाता तब तक परिवहन की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकेगा। मैं भी उनकी इस मांग का समर्थन करता हूं। सभापति जी, हम बैलगाड़ी के युग से साइकिल युग नहीं बल्कि बसों के युग में आ गए हैं। आज गांवों गांवों में बसें जाती हैं। जितने गांवों में लोग हैं और उनकी संख्या 90 प्रतिशत हैं वे इसी बस परिवहन के आश्रित हैं। लेकिन आज गांवों में जाने वाली जो बसें हैं उनकी क्या अवस्था है ? मैं बड़े बड़े शहरों की बात नहीं करता—उसके सम्बन्ध में जो भी कहना है वह पीछे कहूंगा। लेकिन गांवों में जो बसेज़ चलती हैं वे अमूमन टूटी फूटी होती हैं। फिर उन बसों में जितने आदमी नीचे बैठते हैं, शायद उससे दूने उसके ऊपर बैठते हैं और उससे तीन गुने उसके चारों ओर लटके रहते हैं। सड़कों की अवस्था यह है कि जगह जगह पर एक एक, दो दो फिट के गड्ढे होते हैं। किस प्रकार से सफर करते हुए लोग बचते हैं यह परमात्मा की ही दया है। ऐसी अवस्था के बावजूद परमिट सिस्टम

के द्वारा बसों की संख्या को सीमित किया जाता है । मैंने अपने नोट आफ डिसेन्ट में भी इस बात का उल्लेख किया है कि इस बिल में इस प्रकार का प्राविधान किया जाना चाहिए जिससे परमिट सिस्टम कतई न रहे । मुझे इस बात की खुशी है कि इस हाउस में सभी ओर से, सिंडी-केट, इंडीकेट कम्युनिस्ट, सोशलिस्ट, सभी की तरफ से इसका समर्थन किया गया है और इस बात की मांग की गई है कि परमिट सिस्टम को उठा देना चाहिये । मेरी समझ में नहीं आता कि आखिर ये लाइसेंस और परमिट क्यों है । जहां जितनी आवश्यकता होगी, डिमान्ड सप्लाई के आधार पर वहां उतनी ही बसें चल सकेंगी । आप आर्टिफिशल ढंग पर वहां के लिए क्यों कोई संख्या निर्धारित करते हैं । व्यापारियों के पास पैसा है, वे बसें खरीदते हैं । वे वहां पर बसेज चलायें । जिनकी बसें अच्छी होंगी, जो अच्छी सर्विस देंगे वे ही यहां अपनी बसें चला सकेंगे । आपको तो आम लोगों की चिन्ता होनी चाहिए जो रात दिन की सफर करते हैं लेकिन आप उन आम लोगों की चिन्ता न कर केवल व्यापारियों की चिन्ता करते हैं कि अगर बसों की संख्या अधिक हो जायेंगी तो उनकी पूंजी नष्ट हो जायेगी । मेरी समझ में नहीं आता कि जब आप अपने को सोशलिस्ट गवर्नमेंट कहते हैं तो फिर जो पूंजी लगाने वाले अनसोशलिस्ट लोग हैं उनके फायदे के बारे में आप क्यों सोचते है ।

श्री यशपाल सिंह जी ने स्पीड की बात कही, मैं उनकी ताईद करता हूँ । लेकिन इस देश में जैसी सड़कों की अवस्था है उसमें यदि हम कनाड़ा, अमरीका और जर्मनी जैसे देशों की स्पीड की नकल करना चाहेंगे तो फिर शायद हमारे यहां एक भी बस और गाड़ी नहीं चल सकेगी । राष्ट्रीयकरण के सम्बन्ध में भी कुछ मित्रों ने चर्चा की है, मैं भी उसकी ताईद करता हूं लेकिन राष्ट्रीयकरण से ही सारी समस्या हल नहीं हो जायेगी । कलकत्ते में जो ट्रान्सपोर्ट चलती है उसको देखकर बड़ा आश्चर्य होता है कि किस प्रकार लोग सफर करते हैं । हमारे बहुत से मित्र वहां गए होंगे और उन्होंने लोगों को सफर करते हुए देखा होगा कि उनको फुट बोर्ड पर एक इंच भी पैर रखने की जगह नहीं मिलती । इसलिए यदि राष्ट्रीयकरण किया जाये तो साथ ही पर्याप्त मात्रा में बसेज भी दी जायं । यदि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं तो फिर प्राइवेट लोगों को ही बसें चलाने दीजिये । कलकत्ते में श्री ज्योति बसु को भी प्राइवेट बसेज मंगानी पड़ी हैं लेकिन फिर भी अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है । सो चाहे राष्ट्रीयकरण के द्वारा या प्राइवेट ओनर्स के द्वारा, किसी भी प्रकार से पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आम लोगों को यातायात में सुविधा हो ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ । आज यहां माइल स्टोन और नम्बर प्लेट के बारे में भी चर्चा की गयी है । हमारे डी० एम० के० के मित्र का जो मेरे पहले बोल चुके हैं समर्थन करता हूं, लेकिन इसके लिए हम को अंग्रेजी की शरण नहीं लेनी चाहिये बल्कि रीजनल और हिन्दी भाषा में, जो सब जगह समझी जाती है, नम्बर प्लेट होने चाहिये ।

एक बात मैं थर्ड पार्टी इन्श्योरेंस के संबंध में कहना चाहता हूं । थर्ड पार्टी इन्श्योरेंस के जो प्रोवीजन्स दिये गये हैं उसमें कन्ट्रीब्यूटरी नेग्लीजेंस वाली बात मेरी समझ में उचित नहीं है । अगर कोई आदमी रास्ता पार कर रहा है और ऐक्सीडेंट हो गया तो यह सवाल उठाना कि वह सड़क क्यों पार कर रहा था, सही नहीं है । अगर वह किसी ऐक्सीडेंट का शिकार होता है तो उसको उसका पूरा मुआवजा मिलना चाहिये ।

आज हमारे यहां रेल गाड़ियों में बहुत से लोगों को समय पर रिजर्वेशन नहीं मिलती है इसलिये बहुत से लोग मोटरों से भी लम्बे सफर करते हैं । उनसे जगह जगह ऑक्ट्राय ड्यूटी वसूल की जाती है जिससे बड़ा सर दर्द होता है । मैंने यू० पी० में हरद्वार में देखा है कि

[श्री वेणी शंकर शर्मा]

जगह जगह 8 आना, 1 रु०, 2 रु० ड्यूटी ली जाती है। यह सिस्टम हटाना चाहिये जिससे मोटर से सफर करने वाले लोगों को सहूलियत हो।

**श्री मुहम्मद इस्माइल** (बैरकपुर) : सभापति जी, मैं आखिरी स्पीकर हूं, इस सिलसिले में बहुत देर से इंतजार कर रहा हूँ। मैंने तमाम स्पीचें मेम्बरों की सुनीं। मैंने इसमें सोशलिज्म की भी बात सुनी। जो सोशलिज्म के परम शत्रु हैं उनसे भी सोशलिज्म की बात सुनी और उन लोगों से भी सुनी जो कुछ दिनों तक सरकार चला रहे थे लेकिन अब अलग हो गये हैं। जो कुछ भी हो, इस बिल की सलेक्ट कमेटी का भी मेम्बर रहा हूँ, मैंने अपनी बात वहा भी रखी थी और वहां मुझे यह बताया गया था कि जल्दी ही एक काम्प्रीहेंसिव बिल लाया जायगा। मैंने जो बातें वहां पर रखी थीं उनको आज फिर यहां सदन में रखना चाहता हूँ। जो मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट इस समय देश में चल रहा है यह ऐसा ऐक्ट हमारे देश में है जिससे तमाम किस्म के करप्शन इसके अन्दर भरे हुए हैं। इस बिल के माने यह हैं कि हर स्टेट जो स्टेट जहां पर चाहे, जो ड्राइवर जहां चाहे, जो मालिक जहां चाहे, इससे जितना फायदा उठाना चाहे वह उठाये। ऐसे ऐसे परमिट दिये जाते हैं स्टेट सरकार की तरफ से, और हाई कोर्टस में जाकर ऐसे ऐसे सवाल उठाये जाते हैं कि इस एक्ट को बिल्कुल थोथा बना दिया गया है। अभी मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट नहीं चल रहा है बल्कि मनमानी चल रही है। जिसके पास ज्यादा बसें हैं, पैसा है डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट या पुलिस अफसर जिस के हाथ में है वही वहां का मालिक है। और जो 1, 2 बसों के मालिक हैं उनकी हालत खराब है। इसलिए मैं चाहूंगा कि काम्प्रीहेन्सिव बिल में इन बातों का खयाल रखा जाय जिससे छोटे लोगों को परेशानी न हो। जिनके पास एक ट्रक या लारी है, वही सबसे ज्यादा सफरर इस समय हैं हमारे देश में। काम्प्रीहेन्सिव बिल लाते वक्त इसका मंत्रीजी ध्यान रखें कि उनके ऊपर ज टैक्स का बोझा है वह कम हो।

इसके साथ छोटे लोगों को, मालिकों को टायर लेने में बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। उस बिल के अन्दर कम से कम इसका भी खयाल रखा जाय कि उनको टायर वगैरह के लिये ज्यादा पैसे न देने पड़ें और सामान आसानी से मिल जाय। उसके बाद स्पेयर पार्टस में सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि बड़े बड़े लोग तो किसी तरह ज्यादा पैसे देकर चीज इकट्ठी कर लेते हैं लेकिन जो गरीब मालिक हैं उनको पार्टस नहीं मिलते, और अगर मिलते हैं तो उनको दामों में लूटा जाता है। इन बातों का भी खयाल काम्प्रीहेन्सिव बिल में रखा जाय।

जहां तक मजदूरों का सवाल है, कंडक्टर, ड्राइवर, क्लीनर या कुली, उनके बारे में इसमें कोई गारन्टी नहीं है। जितने लोग इस उद्योग में काम कर रहे हैं सब टेम्पोरेरी हैं, 20,20 साल से काम कर रहे हैं लेकिन अभी तक टेम्पोरेरी हैं उनको कोई किसी तरह की सुविधा नहीं है। इस इंडस्ट्री के मजदूर, इंडस्ट्री की तरह ही डिस आर्गेनाइज्ड हैं। उनके वीकली वेज का सवाल नहीं, बीमारी में किसी मेडिकल फेसिलिटी का सवाल नहीं, सालाना तरक्की का सवाल नहीं, अगर तनख्वाह न मिले तो उसके प्रोटेक्शन का कोई सवाल नहीं है। हालांकि इस ऐक्ट के मातहत उनको भी सजायें भोगनी पड़ती हैं लेकिन जहां तक उनके आराम और फायदे की बातों का सवाल है उस बारे में इस बिल में कोई प्रोवीजन नहीं है। मैं चाहूंगा कि काम्प्रीहेन्सिव बिल में इन तमाम बातों का खयाल रखा जायगा।

आखिर ऐक्सीडेंट्स होते क्यों हैं ; इसलिये कि ड्राइवर मजबूरी में रहते हैं। उनको मजबूर किया जाता है डिफेक्टिव गाड़ी चलाने के लिये, ओवर लोडिंग करने के लिए मजबूर किया जाता है। अगर ड्राइवर रिफ्यूज करता है तो उसको

फौरन काम से हटा दिया जाता है । जो भी ड्राइवर, कंडक्टर ओवर क्राउडिंग करके मालिक को ज्यादा पैसे लाकर देता है उसी को रखा जाता है और जो ईमानदारी से काम करेगा, ओवर लोड नहीं करेगा, उसकी नौकरी चली जायगी । इन तमाम चीजों की गारन्टी होनी चाहिये । 9 टन की गाड़ी में 12, 14 टन माल लादा जाता है, ब्रेक डिफेक्टिव हैं, मगर फिर भी मालिक कहता है कि तुमको गाड़ी ले जानी है और फलां समय फलां जगह पहुंचना है । अब अगर वह हुक्म न माने तो नौकरी गयी । और अगर हुक्म मानता है तो जरूर रास्ते में ऐक्सीडेंट हो जायगा । यही वजह है ऐक्सीडेंट होने की ।

मोटर ट्रांसपोर्ट ऐक्ट बना है मजदूरों की गारन्टी के लिये मगर वह भी इनइफेक्टिव है, उसको अमल में नहीं लाया जाता है । मंत्री जी इन तमाम बातों का ध्यान काम्प्रीहेन्सिव बिल में रखेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है । काम का कोई समय नहीं है, दिन रात मजदूरों को काम करना पड़ता है । सारी सारी रात गाड़ियां चलानी पड़ती हैं, बीमार हैं लेकिन फिर भी मालिक का हुक्म मानना पड़ता है जिसकी वजह से ऐक्सीडेंट होता है । आप सोचें कि रात भर कैसे कोई आदमी जगकर गाड़ी चलायेगा । मगर करना पड़ता है नहीं तो नौकरी से अलग कर दिया जाता है । इन तमाम दिक्कतों को दूर करने के लिए मंत्री जी जरूर बिल में कोई न कोई इंतजाम करेंगे ।

यह अमेंडमेंट बिल जो आया है इसकी बहुत सी चीजों का मैं समर्थन करता हूं । और यह ठीक बात है कि अभी काम चलाने भर के लिए जो इसको सरकार लायी है, उसको रखें । मगर इसके साथ साथ जो ड्राइवर से मेडिकल सर्टिफिकेट लेने की बात की जा रही है वह मेरी समझ में मालिकों के हाथ में आप एक हथियार देने जा रहे हैं । जो ड्राइवर कमजोर होगा, मेडिकली अपने को फिट नहीं पायेगा वह खुद ही गाड़ी नहीं चलायेगा, और कोई दूसरा काम कर लेता है । मेडिकल सर्टिफिकेट के माने यह हैं कि मालिकों के हाथ में एक हथियार है और जब भी मालिक किसी ड्राइवर से नाराज हो जायगा वह फौरन कह देगा कि मेडिकल सर्टिफिकेट लाओ । वैसे तो लाइसेंस के वक्त मेडिकल सर्टिफिकेट ले जाना पड़ता है, लेकिन बुढ़ापे में मेडिकल सर्टिफिकेट मांगना, यह बात मेरी समझ में मुनासिब नहीं लगती । उस वक्त तो गाड़ी खुद ही नहीं चला सकता है । फिर इस प्रोवीजन की क्या जरूरत है ?

नेशनेलाइजेशन का जहां तक सवाल है साइड बाई साइड प्राइवेट बसें भी चलनी चाहिये । क्योंकि बंगाल में हम जानते हैं कि विधान बाबू ने यही कहा कि नेशनेलाइज कर के यह काम नहीं चलेगा । 10 वर्ष बाद उनको मानना पड़ा । आज यहां साइड बाई साइड प्राइवेट बसें चल रही हैं । इसलिये इस अमेंडमेंट को स्वीकार करना चाहिये । यह नहीं होना चाहिये रूट नेशनेलाइज हो गया वहां स्टेट अपनी बसें चला रही है और एक एक, दो दो बसों के मालिकों को भगा दिया गया । यह ना-इन्साफी है । रेल के लिये तो सेन्ट्रल कंट्रोल है, मगर ट्रांसपोर्ट जो रेल के साथ काम कर रहा है **

**सभापति महोदय** : आप बैठिये, बहुत देर हो गयी, आपका नाम था ही नहीं । ऐसा करेंगे तो आप को कभी नहीं बोलने दिया जायगा । और आप जो कह रहे हैं वह नहीं लिखा जायगा ।

**16 hrs.**

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI IQBAL SINGH) : Mr. Chairman, Sir, I am very thankful to the hon. Members who have participated in this debate. As I said in the beginning, they have given some

** Not recorded.

[Shri Iqbal Singh]

suggestions. Some members have made suggestions for improvement of this Bill. We will consider them when the clauses are taken up. Others have given some general suggestions. Some have touched topics which are beyond the scope of this Bill like improvement of National Highways. Though I will not reply to them at this time, I will deal with them at the appropriate time. We will see to it that whatever improvement can be done, is done.

I will deal with one suggestion that was generally made Some have appreciated this Bill. Others have said 'Why have you brought this Bill when you are thinking of bringing a comprehensive Bill ?'. I want to place a proposition before this House. This Bill was introduced in 1965 when Shri Raj Bahadur was the Transport Minister and again Shri Poonacha piloted this Bill and after the Third Lok Sabha, this Bill was brought back and then both Houses appointed a Joint Select Committee which has made certain recommendations and this Bill is based on these recommendations. Why we are bringing this Bill when we are thinking of bringing a comprehensive legislation, is that there are so many good points and we do not want to delay the matter any further. When we bring the comprehensive legislation, first we will draft a model Bill which will be considered by the Transport Development Council. Because the application of this Act is to be done mostly by the State Government and many of the powers we have given in this Bill are to be exercised by the State Governments we have to carry the State Governments also with us. Even in this Bill we have taken provisions from 35 State Bills that have been passed by the State Governments in order to make the legislation universal and they can be applied throughout the country. For any new Bill, for any new ideas or for anything which we wanted to put in the comprehensive Bill, we have to carry the State Govenments also with us. For that we need time. We have to draft the Bill. Then we will have to consider it in the Transport Development Council. But all these procedures will take some time. But we do not want to delay these matters.

श्री शिवचन्द्र झा : कितना समय लगेगा ?

SHRI IQBAL SINGH : I cannot give any assurance of hand, but I can give one assurance that we will start right earnest on the comprehensive Bill. Here hon. Members have given some important suggestions. We have to examine them. Their suggestions are far-reaching in character. We would like to know whether they will be acceptable to the State Governments. Some of the Members have even suggested in this Bill that there should be no permit system I do not know whether we will be able to carry the State Governments with us on this point. I can tell the hon Member one thing that as far as goods transport is concerned, the permits are available freely. In all States there is no restriction. But regarding other suggestions how far they will be acceptable to the States, I cannot give the time. But I can give one assurance that we will in right earnest examine the suggestions given by the hon Members and we will see to it that the suggestions given, so that the transportation system may improve and other facilities may be given to the people and that we may provide more facilities of transportation especially when we are constructing so many rural roads and people living in villages must get better facilities, are implemented. There also we will ask the State Governments to provide facilities at great speed so that the roads which are constructed at the cost of the exchequer are utilised by the villagers. Every one of the suggestions which has been made will be taken note of by us.

There is one suggestion which has been made about the Inter-State Transport Commission. That Commission was constituted long ago but the State Governments have been asking about various things. We are taking steps. That Commission will be given more powers We should really develop Inter-State Transport which would meet the needs of long-distance passengers and in respect of goods traffic also, and what ever difficulties come in the way will be removed. And, for that, we are giving more powers and we are asking them to function effectively. I hope, with that, some more improvement will be made in this regard.

Regarding the tourist traffic and tourism in the Bill we are providing that tourist transport should be developed. They cater to export and that is earning foreign

exchange for the country and it is necessary to develop it not only for export, but also for the country's needs, for integration and for various other purposes, for religious purposes, for various other purposes, people go from one State to another and we should see that all these facilities are available to them so that there may be free movement and more movement of the people from one area to another area by the use of these facilities.

Regarding the Octroi, this was considered last year by the Transport Development Council. After that we have taken this up in right earnest with the State Governments and the position is not as and as is being depicted. There are so many States where there are no octroi duties. We are asking the other State Governments to abolish octroi. We are taking some other steps. We have written to the States. My previous senior colleague Dr. Rao has written to all the Chief Ministers in this regard. This is one of the biggest bottlenecks in the movement of traffic. Not only bottleneck, but there are some other problems which are being created, like delays and even some complaints of corruption. We are writting to the State Governments but again the State Governments are faced with this problem of resources and even on that we are taking some steps. Some States have agreed; some States are still not agreed. We are asking the State Governments to remove the octroi so that free movement of goods and free movement of traffic may be improved further.

Regarding one other point raised by Shri Mahajan I wish to say something. He mentioned about rail-road coordination and rail-road competition. That is an old story. I don't think so now. It is not so in the present context of the situation when the total rail mileage is only about 36,000 miles in our country and the total road mileage is about more than 3 lakhs metalled road and in respect of unmetalled road it is more than 3 lakhs and the total comes to about 6 lakhs. Very any areas will be covered and remote areas have to be interlinked, which have to be opened up for traffic. So, what he says is an old story. Traffic is originating from these areas very much more and we want to cater for that traffic. We want to provide more facilities so that the roads are properly utilised. We are taking necessary steps so that the whole system may be improved.

Regarding some of the criticisms made, some severe criticisms have been made about the issue of permits. I may tell the hon.Member that all these permits are issued by State Governments. Still we are providing in this Act that there may be some system whereby the semi-judicial or quasi-judicial proceedings may be introduced. That is what we are providing so that we may have a tribunal where members whose qualifications are equal to the district judges may be appointed. Regarding certain other points made out, we have taken steps and the State Governments are also cooperating. When we will be able to reach that farther end when there will be no complaints and all that, I don't know. We have made statutory provisions. In respect of applications when there is inter-State agreement between two States it must be published in the gazette and published in the newspapers, so that people may know that permits are to be issued and they can apply and they can claim.

It this context, Ch. Randhir Singh and one other hon. member spoke about the Scheduled Castes and ex-servicemen. There is no provision here, but we do encourage co-operatives societies of Scheduled Castes and ex-servicemen. They could apply and that is why there is provision specially made in the principal Act.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga) : What about Scheduled Tribes ?

SHRI IQBAL SINGH : They can also apply. For that purpose, we give preference to co-operative societies. In some States like Punjab and Haryana, permits are issued to co-operative societies which have been formed. They will get preference. Still if anything further can be done, we will examie it. We will write to the State Governments in regard to this matter.

So also with regard to ex-servicemen. Ten or twenty years ago, there was a lot of assistance given, but now not much. We can again ask State Governments to look after their interests and see that their interests are not neglected.

[Shri Iqbal Singh]

As for the issue of permits, it is entirely with the State Governments. We can ask them and bring these points to their notice.

SHRI R. S. ARUMUGAM : There is no provision in sec. 47 to give preference to Schduled Castes and Scheduled Tribes.

SHRI IQBAL SINGH: There is a provision for giving preference to co-operative societies which can be formed, as they have been in Punjab and Haryana. Thus they get preference. But this lies entirely with State Governments. As to whether we can do any. thing further we will examine in the next Bill. I cannot say it can be done in this Bill because we are not amending that clause now.

Shri Naidu asked why we should extend the period for filing claims from 60 to 180 days. The man who is injured may be in hospital. The place where he was injured may be far away from the place in district or tehsil headquarters where he should file the claim. Some persons represented to us that their claims were time-barred because they were in hospital and could not file the claims in time. So we have extended the timelimit. Also, along with the claim, they have to file the police report. Some police proceedings are not completed within the existing timelimit. Hence this extenstion.

Then a point was generally made asking why when a permit is issued for three years and there is delay on the part of the State Government in issuing the permit, the period of delay is also included in the permit. Previously when an application was made for permit, the time used to be 60 days. Now we have extended it to 120 days Also when an application for renewal was made, the formalities were not completed in some States in six months or four months or three months. In some cases, the permits were renewed from the date of expiry of the original permit while in others it was effective from the actual date of sanction. We wanted that there should be fixed time within which this should be done and there should be uniformity in this regard. So whatever time is taken in the process should be included in the period of three years. There were also complaints received that purposely the whole matter was delayed so that they could get more benefit. We do not want to give any benefit this way or that way. When a permit is issued again for three years, that time will be included and the fees will be refunded. The rules were different in different States, but now we have made it uniform.

Clause 29 states that when the buses of one State pass through the corridor of another State, they will not require any counter-signature up to 8 km There is a suggestion that it should be increased to 16 km, as it was in the original Act. We are not increasing because if we increase to 16 km practically any bus can pass through some part of Union Territories like Delhi, Chandigarh, etc. without taking permit. That will create more complications and that is why the Select Committee has made it 8 km. Even if it is more than 8 km., it does not debar a person from going, only he has to take the counter signature of that State through which he is passing.

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : 16 किलोमीटर तो पहले था। उसको 8 किलोमीटर कर दिया है। सिगनेचर लेने की बात आप करते है। आप जानते हैं कि करप्शन कितना है। इसलिये अभी तक तो दिल्ली की बात है, मैं हरियाना और चंडीगढ़ की बात कर रहा हूँ क्योंकि इनके चंडीगढ़ और हरियाणा को बने बहुत अर्सा हो गया तो उसमें कोई दिक्कत नहीं आई तो उसको 8 किलोमीटर क्यों कर रहे हैं, 16 किलोमीटर क्यों नहीं कर रहे हैं ?

SHRI IQBAL SINGH : We are bringing this for the first time. So far there was no other counter-signature.

SHRI K. N. TIWARY : Because you are a Minister, you cannot be ignorant of it I do not know whether you run any bus.

SHRI IQBAL SINGH : I do not.

SHRI K. N. TIWARY : Had you been running, you might have come to know by this time that every officer takes somethin before putting his signature So, do yo .

mean to say that you want to put every bus owner to truck owner to disadvantage ?

SHRI IQBAL SINGH : I appreciate what my respectable friend says. If we allow more distance, the States through which the buses pass will lose revenue, and the States objected to that. So, for that purpose also for the first time we have given this facility. Let us watch this and in future if further extension is required, we will exmine it in the next Bill.

So far, one had to pass through three regional authorities. Now we are giving powers to the State Governments and the counter-signature can be taken at one place, either at the State level or the regional level. These two facilities we are giving and we think that with these facilities there will be some improvement If still they feel that the smaller State will lose larger revenue, we will take note of that.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : अगर एक बस यहां दिल्ली से चलती है तो बीच में हरियाणा आया, फिर पंजाब आया, फिर उत्तर प्रदेश आया तो इस तरह वह बेचारा हस्ताक्षर ही लेता रहेगा ।

**श्री इकबाल सिंह** : सबसे बड़ा ऐतराज तो दिल्ली का ही है । उनका ऐतराज सबसे बड़ा है ।

We shall consider all the other points raised by the hon Members and benefit by them when a Bill is drafted in the future. Because this Bill has been pending for the last four yeas; this will benefit the workers Previously, they were to work for nine hours at the steering wheel; we are reducing it to eight hours. Clause 41 is in favour of nationalisation There were so many objections and counter objections and nationalisation was kept pending and it could not be finalised. This Bill enables that and we do not want to delay things. We have given such a type of formula in clause 41 which was agreed in the Rajya Sabha and both sides will not feel any difficulty.

Some points were made about writing number plates in English and the other languages. We are examining it; we have asked the State Governments. We propose to bring in legislation after ascertaining the views of all the State Governments. It will help enforcement of law; a constable who will be more or less a matriculate should be able to read all the regional languages if we allow all the regional languages to be used. Why not then go to the new formula where only the number are there ? We are considering the most effective way of enforcement.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : सबसे जरूरी चीज यह है कि जो गाड़ियां ऐक्सिडेंड करके भाग रही हैं उनका चालान करना होगा पुलिस को । अभी आप एग्जामिन ही कर रहे हैं कि अंग्रेजी नम्बर हों या न हों या रीजनल लैंग्वेज में हों ।

**श्री इकबाल सिंह** : इस बिल में इस वक्त जो दिया गया है वह है, लेकिन बाद में हम उस को बदलेंगे । यह कैसे हो इस की बाबत राय बना कर और सबको साथ ले कर ही हम उसको बदल सकते हैं ।

**श्री इसहाक सम्भली** (अमरोहा) : ज्वायेंट कमेटी में सुझाव दिया गया था कि अंग्रेजी में नम्बर जरूर हो और रीजनल लैंग्वेजमें भी हो । इस पर मिनिस्टर साहब ने गोर करने का वादा किया था ।

[ شری اسحاق سمبھلی (امروھہ) جوائنٹ کمیٹی میں سجھاو دیا گیا تھا کہ انگریزی میں نمبر ضرور ھو اور ریجنل لینگویج میں بھی ھو-اس پر منسٹر صاحب نے غور کرنے کا واعدہ کیا تھا-]

**श्री इकबाल सिंह** : मैंने कहा कि हम गोर कर रहे हैं कि अंग्रेजी में हो उसके साथ हिन्दी में हो और रीजनल लैंग्वेज में हो या वहां पर सिर्फ नम्बर ही हो । स्टेट को भी नम्बर दे दिये जायें जैसे कि यू पी को मान लीजिये 15 नम्बर दे दिया गया, किसी को कुछ और दे दिया गया और उस के बाद

[श्री इकबाल सिंह]

डिस्ट्रिक्ट का नम्बर दे दिया गया। नीचे भी नम्बर, ऊपर भी नम्बर। वहां कोई अल्फाज है ही नहीं। इन सब चीजों पर हम गौर कर रहे हैं। इस के बाद स्टेट्स के साथ राय करके फैसला करेंगे। जिस पर वह रजामन्द होंगे वही हम रक्खेंगे। जब तक हम उसको बदलेंगे नहीं तब तक मौजूदा चीज को चालू रक्खेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं चाहता हूं कि इस बिल को कंसीडरेशन में लिया जाये।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1939, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

Clause 2.–(*Amendment of section* 2.)

MR. CHAIRMAN : We take up clause 2. There are two amendments-40 and 41 by Shri Lobo Prabhu. Shri Abdul Ghani Dar is not here.

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : I move :

Page 2 -

*omit* lines 23 to 26. (40)

Page 3, line 5,-

*for* "State" *substitute* "Central" (41)

I may begin by saying that I have some experience of motor transport administration. I have been a district officer and to that extent I have been a regional transport authority for a number of years. I have also been Home Secretary. In those circumstances I am in a position to lay my knowledge before this House and I hope they will bear with me if I point out that there are three or four main defects in the administration of motor transport. These will come again and again in the various amendments which I have tabled.

The first defect was mentioned by my good friend Tenneti Viswanatham-the excessive liability to accidents of our motor transport. He mentioned that the daily mortality rate was 350. Even accepting that very conservative figure; it means that in three days motor transport does what the railway does in a year. Their fatal accidents add up to 800. This is not a matter about which the Minister could be complacent, when we are killing off our population at this very high rate of 350 persons a day. That is important, because it is so serious, and that is the basis of the first amendment which I am moving about the weight of the buses and the speed which you allow for the medium and the heavy vehicles.

The second grave and big defect is corruption. This has also been mentioned, and I shall make this matter very clear with the figures. Not a single permit is given, not a single licence is renewed by the Regional Transport Officer unless Rs. 25 are paid. There is no denying this. I have written to the Vigilance Commissioner, both at the State level and at the Central level, but they have not been able to do anything. The permit, if it is on a good service route can fetch Rs. 30,000 on transfer. It, therefore, means that the opportunities for corruption by the vendability of a permit are enormous, and at the stage of giving the permits, the opportunities for corruption cannot be at all assessed. I am going to say a little more on the subject later on, because I myself had something to do with a system known as the marking system; this was aimed to reduce the amount of discretion of the issuing authority. In adddition to that, we have corruption through the police. There is not a single bus checked by any police station on the route without paying a certain *mamul* which may be Rs. 2 to Rs. 8 according to the needs of the police station, but on an average—I have calculated this—Rs. 3,000 is the monthly earning of a police station from buses and lorries.

The third point which I want to stress is that our road transport is most costly in the country. It was said sometime ago in this House that only the taxes paid on mileage per tonne on road transport exceeded the total charges made by the railways for the same disance: only the taxes. This is a very, very high rate. It is unfair to road

transport. When you come to passengers, you have the railways carrying the passengers, at four paise, and you have the bus which takes them at nine to 10 paise. These are the three main defects; in the framework of these defects, I am proposing my various amendments.

My first amendment is in respect of the weight of the buses. For heavy buses, it has been raised from 8,200 to 11,000 and for the medium buses, from 3,000 to 4,000. What we have to consider in raising the limits is that though buses may have improved in respect of their mechanical aids, their difficulties in regard to the road or other traffic have not been remedied, in keeping with the size of the buses. Therefore, when you think in terms of liberalising the weight of the buses, you are without doubt adding to the incidence of accidents.

I would mention one thing which was reported in the papers recently. A heavy bus travelling one direction near Bangalore and a car travelling in the other direction met because the heavy bus had a deflated tyre. The result was that when the remains of the car were examined, not one of the seven bodies in the car could be identified. This is an aspect which arises both from the size and the speed of the bus. So, I would say that before you liberalise these rules in respect of weight and consequently in respect of speed, you must have better roads and you must have accident proof transport/vehicles.

I will speak tomorrow on the other amendments.

MR. CHAIRMAN : I shall put the amendment to the vote.

SHRI LOBO PRABHU : I have spoken on only one amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40 now.

SHRI LOBO PRABHU : The time was up, and therefore, I stopped.

MR. CHAIRMAN : We will put the first amendment.

SHRI LOBO PRABHU : Tomorrow, I will speak on the second amendment.

MR. CHAIRMAN : I am putting amendment No. 40.

*Amendment No. 40 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN : We will now take up the other discussion. It is now 4.30.

---

**16.30 hrs.**

## MOTION RE : SUBVERSIVE AND VIOLENT ACTIVITIES IN THE COUNTRY--*Contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now resume further consideration of the following motion moved by Shri Prakash Vir Shastri on 16th May, 1969, namely :-

> "That the situtation arising out of the encouragement being given to the subversive and violent activities in the country by certain political parties and by some foreign powers, be taken into consideration."

We have one hour.

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : Yesterday during the discussion on drought in Rajasthan, representatives of three groups could not get any time to speak at all because the Chair said the time was over. That should not be repeated today. Whatever time is fixed, I would request you to see that all groups' representatives have their say, because the subject is important.

MR. CHAIRMAN : It is not possible to call all the parties on all the subjects.

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : That would be doing violence to non-violence !

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : There is a half hour discussion at 5.30. Therefore, I take it that this discussion will be for one hour from 4.30 to 5.30 and this is going to spill over to some other day. The debate would not be concluded today.